भारत सरकार Government of India
अंतरिक्ष विभाग Department of Space
**भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान**
**Indian Institute of Space Science and Technology**
वलियमला पोस्ट Valiamala PO,
तिरुवनंतपुरम Thiruvananthapuram -695 547

## निविदा आमंत्रित करते हुए सूचना

आई आई एस टी, तिरुवनंतपुरम में **एक साल** की अवधि के लिए अनुलग्नक - 1 के पैरा संख्या 1 में दिए गए क्षेत्रों में संविदा के आधार पर कार्मिक प्रदान करने हेतु, ऐसी जनशक्ति आपूर्ति एजन्सी / पंजीकृत सोसाइटी/ कंपनी /ठेकेदारों से दो बोली प्रणाली ( **भाग - 1:** तकनीकी बोली एवं **भाग - 2 :** वित्तीय बोली), अनुलग्नक - 1 (सामान्य निबंधन एवं शर्तें) के अंतर्गत मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिनके पास निविदा प्रपत्र में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार वैध पंजीकरण है। प्रत्येक क्षेत्र के लिए बोलियाँ अलग अलग रूप से प्रस्तुत करनी होगी। प्रत्येक क्षेत्र के लिए तकनीकी बोली, बयाना जमा राशि (ईएमडी) एवं वित्तीय बोली तीन अलग अलग मुहरबंद लिफाफों में रखनी होगी जिनको एक साथ बड़े मुहरबंद लिफाफे में रखनी होगी। प्रत्येक लिफ़ाफ़े में प्रेषिती का पता सही रूप से देना होगा। किसी क्षेत्र के लिए दी गई बोली में कम से कम उस क्षेत्र में अधिसूचित कुल जनशक्ति के 90% का समावेश होना चाहिए। **बोलियाँ प्रस्तुत करते समय बोलीकारों को कुलसचिव, आईआईएसटी के पक्ष में आहारित डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक / मियादी जमा रसीद के रूप में बयाना जमा राशि अलग लिफ़ाफ़े में डालकर देनी होगी ।** अन्यथा, बोली अपूर्ण समझी जाएगी और सरसरी तौर पर निरस्त कर दी जाएंगी। फिर भी केंद्रीय लोक सेवा उपक्रमों / लोक सेवा उद्यमों / स्वायत्त निकायों, अतिलघु एवं लघु उद्यमों, केवीआईसी, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम आदि को जहां आवश्यक हो, अपेक्षित प्रमाण के साथ आवेदन देने पर बयाना जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान करने से छूट दिया जाता है।

**विविध क्षेत्रों के लिए लागू बयाना जमा राशि का विवरण नीचे दिया गया है।**

| क्रम सं | सेवा क्षेत्र | ई. एम. डी राशि |
|---|---|---|
| 1. | वैज्ञानिक / तकनीकी | 3,03,350/- |
| 2. | होस्टल | 2,36,597/- |
| 3. | कैन्टीन | 3,79,178/- |
| 4. | गैंग लेबर | 22,205/- |
| 5. | सुरक्षा | 1,07,237/- |

यदि निविदाकार / ठेकेदार अपना निविदा वापस लेता है या निविदा में कुछ परिवर्तन करता है या निविदा से विचलित होता है तो बोलीकार / निविदाकार अपना बयाना जमा राशि खो बैठेगा। यदि सफल विक्रेता विनिर्दिष्ट अवधि के अंदर प्रतिभूति जमा / निष्पादन बंधपत्र देने में असफल हो जाए तो वह भी बयाना जमा राशि खो बैठेगा।

सभी असफल विक्रेताओं को बयाना जमा राशि, कार्य आदेश देने के बाद वापस दी जाएगी। सफल ठेकेदार / निविदाकार को बयाना जमा राशि प्रतिभूति जमा का भुगतान करने पर / निष्पादन बैंक गैरंटी प्रस्तुत किए जाने पर वापस दी जाएगी। यदि विक्रेता चाहता है तो प्रतिभूति जमा में इसका

समायोजन किया जाएगा। संस्थान द्वारा निविदा रद्द किए जाने या वापस लिए जाने की स्थिति में सभी प्रतिभागियों को बयाना जमा राशि वापस दी जाएगी।

केवल वे एजन्सियाँ ही आवेदन देने के लिए पात्र हैं जो निम्नलिखित अपेक्षाएं पूरी करती हों:

1. सरकारी / अर्ध सरकारी / केंद्र स्वायत्त निकाय / प्रतिष्ठित फर्मों / संस्थाओं/ अस्पतालों में जनशक्ति की आपूर्ती में कम से कम **एक साल** की सेवा का प्रमाणित कार्य इतिहास। प्रति महीने के वेतन बिलों में न्यूनतन संख्या (प्रत्येक क्षेत्र में 10 से कम नहीं होना चाहिए) तथा पर्याप्त वित्तीय पृष्टभूमि। जिन संगठनों मे वे जन शक्ति प्रदान करते हैं वहीं से बोलीकार की विश्वसनीयता का पता लगाया जाएगा।

2. कंपनी अधिनियम/ सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के अधीन पंजीकरण

3. ठेका श्रम ( विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, ईपीएफओ , ईएसआईसी, सेवा कर, आयकर, श्रम कानून और किसी अन्य केन्द्रीय या राज्य अधिनियम पंजीकरण नियम के तहत पंजीकरण और उक्त अधिनियम(ओं) / पंजीकरण / नियमों के तहत सभी निबंधन और शर्तों को पूरा करना।

अंतिम तारीख को या उससे पहले निविदा प्रपत्रों को डाउनलोड करें और यथा विधि भरकर प्रस्तुत करें। फैक्स / ई - मेल द्वारा भेजे जानेवाले प्रस्तावों को निरस्त कर दिया जाएगा। यथाविधि भरे हुए निविदा प्रपत्र मुहरबंद लिफाफों पर निविदा संदर्भ संख्या तथा तारीख का उपरिलेख करते हुए प्रस्तुत किया जाए । देर से प्राप्त एवं अपूर्ण निविदाओं को निरस्त कर दी जाएँगी। जिन निविदाओं के साथ विनिर्दिष्ट मूल्य की बयाना जमा राशि नहीं लगाई गई हो उनको अमान्य निविदा समझा जाएगा और उन्हें निरस्त कर दिया जाएगा।

आईआईएसटी में मुहरबंद निविदा प्राप्त होने की अंतिम तारीख (भाग -I व भाग-II) सितंबर 19, 2016 17:00 घंटे

निविदा खोलने की तारीख व समय (केवल तकनीकी बोली- सितंबर 20, 2016 10:30 घंटे)

वित्तीय बोली: तकनीकी बोली के मूल्यांकन के बाद, सफल बोलीकारों की वित्तीय बोली खोली जाएगी।

आईआईएसटी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।

**वि .सं: आईआईएसटी / प्रशा /भर्ती7/3/2016 दिनांक 26.08.20**